मुख्यमंत्री का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे लोकार्पण पर ऐलान

# एक्सप्रेसवे किनारे उद्योग लगेंगे: योगी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देने से बीमारू के दंश से उबरकर उत्तर प्रदेश तेजी से उभरता राज्य बना है। देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य भी यूपी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के बाद इसी साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे की भी सौगात मिल जाएगी। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पहले ही चालू हो चुके हैं। इन एक्सप्रेसवे पर हर जिले में औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इन क्लस्टर में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री, शुक्रवार को भगवानपुर टोल प्लाजा पर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण दो पैकेज में हुआ है। पहले पैकेज का आजमगढ़ के सालारपुर में लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री एक्सप्रेसवे पर 86 किलोमीटर लंबा सफर कर भगवानपुर टोल पहुंचे। यहां दूसरे पैकेज के लोकार्पण के बाद आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पता ही नहीं होता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। अब एक्सप्रेसवे का युग है। एक्सप्रेसवे से गोरखपुर से लखनऊ जाने में अब सिर्फ 3 घंटे लगेंगे। आरामदायक सफर होगा। यूपी एक्सप्रेसवे पर पूरी रफ्तार से बढ़ चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का बोलबाला था। अब प्रदेश माफिया, गुंडा और भ्रष्टाचार मुक्त है। युवाओं के पास अब पहचान का संकट नहीं है।

## गोरखपुर से लखनऊ सिर्फ तीन घंटे में पहुंचेंगे



गोरखपुर में लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री।

**91** किमी लंबा है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

**72** सौ करोड़ से अधिक निर्माण की लागत आई

### यूपी में सरकारी भर्तियां अब भ्रष्टाचार मुक्त : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल में यूपी में भर्तियां भ्रष्टाचार मुक्त हुईं। पुलिस में बिना जाति, धर्म देखे 60 हजार युवाओं को नौकरी मिली है। यही 2017 से पहले की सरकार होती तो चाचा-भतीजे की टोली वसूली को निकल जाती।

### मोदी ने पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीवान में गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन सफर के दौरान 127 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। 22 से यह यात्रियों के लिए शनिवार छोड़ पूरे सप्ताह नियमित चलेगी। › अपमान सहन नहीं P15

**50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव:** मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सुरक्षा-इन्फ्रास्ट्रक्चर के बेहतर काम का नतीजा है कि अर्थव्यवस्था बेहतर हुई है। आठ वर्षों में प्रदेश 50 को लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। 15 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतर गए हैं।

**क्लस्टर से पैदा होंगे रोजगार के अवसर:** योगी ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से निवेश आया है। गंगा एक्सप्रेसवे भी चालू हो रहा है। हर एक्सप्रेसवे के दोनों ओर औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे, जहां उद्योगों से रोजगार पैदा होंगे। › 62% यूपी में P18